भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या †1113**

उत्तर देने की तारीख 10 फरवरी, 2025
21 माघ, 1946 (शक)

**झारखंड में विश्वस्तरीय खेल अवसंरचना को मजबूत करना**

**†1113. श्री विष्णु दयाल राम:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या झारखंड के कई खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में विश्वस्तरीय प्रदर्शन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का उनकी प्रतिभा में वृद्धि करने का विचार है;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार झारखंड में विशेष रूप से तीरंदाजी, फुटबॉल, हॉकी, एथलेटिक्स में विश्वस्तरीय खेल अवसंरचना को मजबूत करने का है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) जी हां। झारखंड राज्य के कई एथलीटों ने विभिन्न खेलों में विश्व स्तरीय प्रदर्शन किया है। झारखंड राज्य के एथलीटों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियों का विवरण अनुबंध-**I** में दिया गया है।

(ख) युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय झारखंड राज्य सहित देश भर में खेलों के विकास और प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित स्कीमें कार्यान्वित करता है:

(i) खेलो इंडिया- राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम; (ii) राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता; (iii) अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में विजेताओं और उनके कोचों को विशेष पुरस्कार; (iv) राष्ट्रीय खेल पुरस्कार; (v) मेधावी खिलाड़ियों को पेंशन; (vi) पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय खेल कल्याण कोष; (vii) राष्ट्रीय खेल विकास निधि; और (viii) भारतीय खेल प्राधिकरण के माध्यम से खेल प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन।

इसके अतिरिक्त, सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के एथलीटों को विभिन्न स्कीमों/कार्यक्रमों के माध्यम से विभिन्न प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष वित्तीय सहायता प्रदान करके खेलों को करिअर के रूप में अपनाने के लिए अतिरिक्त सहायता प्रदान कर रही है:

(क) खेलो इंडिया स्कीम के “खेलो इंडिया केंद्र और खेल अकादमियां” घटक के अंतर्गत पहचानी गई प्रतिभाओं को मान्यता प्राप्त खेलो इंडिया अकादमियों में शामिल होने का विकल्प दिया जाता है और प्रशिक्षण व्यय, कोचिंग, प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन, शिक्षा, उपकरण सहायता, वैज्ञानिक सहायता आदि के लिए प्रति वर्ष 6.28 लाख रुपये की वित्तीय सहायता [आउट ऑफ पॉकेट अलाउंस (ओपीए)) के रूप में 1.20 लाख रुपये सहित] भी प्रदान की जाती है। साथ ही, खेलो इंडिया स्कीम के खेलो इंडिया केंद्र घटक के अंतर्गत, पूर्व चैंपियन एथलीटों (पीसीए) को खेलो इंडिया केंद्रों (केआईसी) में युवा एथलीटों के लिए कोच/मेंटर के रूप में नियुक्त किया जाता है, जो इन एथलीटों को प्रशिक्षित करने के साथ-साथ केआईसी को स्वायत्त तरीके या राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के खेल विभाग के समर्थन से चलाते हैं।

(ख) टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टीओपीएस) के अंतर्गत, सरकार भारत के शीर्ष एथलीटों को ओलंपिक और पैरालिंपिक खेलों की तैयारी के लिए सहायता प्रदान करती है। चयनित एथलीटों को राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ) से अनुकूलित प्रशिक्षण और अन्य सहायता के लिए वित्त पोषण से सहायता प्रदान की जाती है जो मंत्रालय की सामान्य स्कीमों के अंर्तगत उपलब्ध नहीं है। कोर ग्रुप एथलीटों को 50,000 रुपये प्रति माह की दर से आउट ऑफ पॉकेट भत्ते (ओपीए) का भुगतान किया जाता है। ओपीए के अलावा, खिलाड़ी द्वारा प्रस्तुत प्रशिक्षण योजना, जिस पर मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) द्वारा विचार किया जाता है और अनुमोदित किया जाता है, का कुल व्यय टीओपीएस के अंतर्गत पूरा किया जाता है।

(ग) राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एएनएसएफ) को सहायता स्कीम के अंतर्गत एथलीटों के प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एनएसएफ) को वित्तीय सहायता दी जाती है, जिसमें प्रशिक्षण, अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में प्रतिभागिता, राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन, भारत में अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों का आयोजन, विदेशी कोचों/सहायक कर्मचारियों की नियुक्ति, वैज्ञानिक और चिकित्सा सहायता आदि के लिए सभी अपेक्षित सहायता शामिल है।

(घ) पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय खिलाड़ी कल्याण कोष (पीडीयूएनडब्ल्यूएफएस) स्कीम के अंतर्गत सरकार बदहाल परिस्थितियों में रहने वाले खिलाड़ियों को प्रशिक्षण, खेल उपकरणों की खरीद, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में प्रतिभागिता आदि के लिए प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता (2.50 लाख रुपये तक) प्रदान करती है।

(ङ) सरकार उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए वार्षिकी के माध्यम से सुनिश्चित मासिक आय प्रदान करने के उद्देश्य से मेधावी खिलाड़ियों को पेंशन स्कीम के माध्यम से सक्रिय खेलों से उनकी सन्यास के बाद खिलाड़ियों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है। मौजूदा स्कीम के अंतर्गत पात्र पूर्व-खिलाड़ियों को 12,000 रुपये से लेकर 20,000 रुपये तक की मासिक पेंशन प्रदान की जाती है।

(च) अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में पदक विजेताओं और उनके कोचों को नकद पुरस्कार स्कीम के अंतर्गत सरकार उत्कृष्ट खिलाड़ियों को उच्च उपलब्धियों के लिए प्रोत्साहित करने और प्रेरित करने तथा युवा

पीढ़ी को खेलों को अपनाने के लिए आकर्षित करने हेतु प्रेरक रोल मॉडल के रूप में कार्य करने के लिए नकद पुरस्कार प्रदान करती है। अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को 20,000/- से 75,00,000/- रुपये तक का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

(छ) उपरोक्त स्कीमों के अलावा, अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले एथलीटों/खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए, सरकार हर साल मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार, अर्जुन पुरस्कार, द्रोणाचार्य पुरस्कार और ध्यानचंद पुरस्कार जैसी विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत राष्ट्रीय खेल पुरस्कार भी प्रदान करती है।

(ग) और (घ) 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, झारखंड राज्य सहित देशभर में खेल अवसंरचना के विकास सहित खेलों के विकास का उत्तरदायित्व मुख्य रूप से राज्य/राज्य क्षेत्र सरकारों का है। केंद्र सरकार महत्वपूर्ण कमियों को दूर करके उनके प्रयासों में सहायता करती है। इस मंत्रालय द्वारा खेलो इंडिया स्कीम और राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ) के अंतर्गत, देशभर में विभिन्न खेल अवसंरचना परियोजनाएं कार्यान्वित हैं। इसका विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://mdsd.kheloindia.gov.in और http://www.nsdf.yas.gov.in/nsdf-glance.html पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध हैं।

**अनुबंध-I**

**"झारखंड में विश्व स्तरीय खेल अवसंरचना को मजबूत करना" के संबंध में माननीय लोकसभा सदस्य श्री विष्णु दयाल राम द्वारा दिनांक 10.02.2025 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या +1113 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।**

**क. झारखंड राज्य के टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम एथलीटों की अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियां :**

i. सुश्री अंकिता भकत, तीरंदाजी (पेरिस ओलंपिक प्रतिभागिता, 2024) - सुश्री अंकिता भकत की उपलब्धि का विवरण निम्नानुसार है: -

- विश्व कप चरण: 2 स्वर्ण (टीम - 2021, 2021), 1 रजत (टीम - 2022), 3 कांस्य (टीम- 2023, 2022, 2021)
- एशियाई खेल: 1 कांस्य (टीम - 2023)
- एशियाई आउटडोर चैंपियनशिप: 1 रजत (टीम - 2021), 2 कांस्य (टीम - 2023, 2021)

ii. सुश्री दीपिका कुमारी, तीरंदाजी (पेरिस ओलंपिक प्रतिभागिता, 2024) – सुश्री दीपिका कुमारी की उपलब्धि का विवरण निम्नानुसार है:-

- 2024 एशिया कप बगदाद में: 01 स्वर्ण
- तीरंदाजी विश्व कप चरण 1: 01 रजत (एकल - 2024)
- विश्व कप चरण: 4 स्वर्ण (एकल - 2021, 2021; टीम - 2021, 2021), 2 रजत (एकल - 2024; टीम - 2022)
- एशियाई ग्रैंड प्रिक्स सर्किट: 2 स्वर्ण (एकल - 2024; टीम - 2024)

iii. सुश्री सलीमा टेटे, हॉकी - उन्होंने एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों, 2022 में कांस्य पदक जीता।

iv. सुश्री निक्की प्रधान, हॉकी - उन्होंने एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों, 2022 में कांस्य पदक जीता।

v. सुश्री संगीता कुमारी, हॉकी - उन्होंने एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों, 2022 में कांस्य पदक जीता।

vi. श्री दिनेश कुमार, लॉन बॉल्स - उन्होंने राष्ट्रमंडल खेल, 2022 में रजत पदक जीता।

vii. श्री चंदन सिंह, लॉन बॉल्स - उन्होंने राष्ट्रमंडल खेल, 2022 में रजत पदक जीता।

viii. श्री सुनील बहादुर, लॉन बॉल्स - उन्होंने राष्ट्रमंडल खेल, 2022 में रजत पदक जीता।

ix. सुश्री रूपा रानी तिर्की, लॉन बॉल्स - उन्होंने राष्ट्रमंडल खेल, 2022 में स्वर्ण पदक जीता।

x. सुश्री लवली चौबे, लॉन बॉल्स - उन्होंने राष्ट्रमंडल खेल, 2022 में स्वर्ण पदक जीता।

**ख. झारखंड राज्य के पैरा-एथलीटों की अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियां:**

i. सुश्री रूपा रानी तिर्की - लॉन बॉल, राष्ट्रमंडल खेल, 2022 में स्वर्ण पदक, एशियाई चैंपियनशिप, 2023 में 1 स्वर्ण और 1 रजत तथा एशियाई चैंपियनशिप, 2024 में 1 कांस्य पदक।

ii. सुश्री लवली चौबे - लॉन बॉल, राष्ट्रमंडल खेल, 2022 में 1 स्वर्ण पदक, एशियाई चैंपियनशिप, 2023 में 1 स्वर्ण और 1 रजत

iii. श्री चंदन कुमार सिंह, लॉन बॉल- राष्ट्रमंडल खेल, 2022 में रजत पदक, एशियाई चैम्पियनशिप, 2023 में 1 कांस्य और एशियाई चैम्पियनशिप, 2024 में 1 स्वर्ण पदक।

iv. श्री सुनील बहादुर, लॉन बॉल - 2024 एशियाई चैम्पियनशिप 1 स्वर्ण, 2023 एशियाई चैम्पियनशिप - कांस्य और राष्ट्रमंडल खेल - 1 रजत।

v. श्री दिनेश कुमार, लॉन बॉल - राष्ट्रमंडल खेल, 2022 में 1 रजत, एशियाई चैंपियनशिप, 2023 में 1 कांस्य।

ग. वित्तीय वर्ष 2024-25 में झारखंड राज्य के खेलो इंडिया एथलीटों की अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियां

| **एथलीट का नाम** | **लिंग** | **विधा** | **पदक** | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | **स्वर्ण** | **रजत** | **कांस्य** |
| सुश्री रजनी केरकेट्टा | महिला | हॉकी | 1 | 0 | 0 |
| सुश्री ब्यूटी डुंगडुंग | महिला | हॉकी | 1 | 0 | 0 |
| सुश्री बिनिमा धान | महिला | हॉकी | 1 | 0 | 0 |
| श्री बाबूलाल हैम्ब्रम | पुरुष | भारोत्तोलन | 0 | 1 | 0 |
| श्री बाबूलाल हेम्ब्रम | पुरुष | भारोत्तोलन | 1 | 0 | 0 |
| श्री बाबूलाल हेम्ब्रम | पुरुष | भारोत्तोलन | 0 | 1 | 0 |

घ. एसटीसी रांची, एथलीट उपलब्धियां:

| एथलीट का नाम | विधा | प्रतियोगिता | उपलब्धि |
|---|---|---|---|
| सुश्री नीतू लिंडा | फ़ुटबॉल | साउथ एशियन फुटबॉल फेडरेशन अंडर 19 2024 | स्वर्ण |
| | | एशियन फुटबॉल अंडर 20 2023 | प्रतिभागिता |
| | | साउथ एशियन फुटबॉल फेडरेशन अंडर 20 2023 | प्रतिभागिता |
| सुश्री अंजलि मुंडा | फ़ुटबॉल | एशियन फुटबॉल कंफेडरेशन अंडर 20 2023 | प्रतिभागिता |
| | | साउथ एशियन फुटबॉल कंफेडरेशन अंडर 20 2023 | प्रतिभागिता |
| | | फीफा विश्व कप महिला अंडर 17 2022 | प्रतिभागिता |

ड.. एसटीसी हजारीबाग एथलीट की उपलब्धियां :

| एथलीट का नाम | विधा | प्रतियोगिता | उपलब्धि |
|---|---|---|---|
| श्री उज्ज्वल धामा | तीरंदाजी | कैडेट विश्व चैम्पियनशिप, 2023 | कांस्य |

च. झारखंड के कुछ अन्य खिलाड़ी जिन्होंने हॉकी विधा में अच्छा प्रदर्शन किया है:

| एथलीट का नाम | एनसीओई | प्रतियोगिता | उपलब्धि |
|---|---|---|---|
| सुश्री दीपिका सोरेंग | एनसीओई दिल्ली | एशियाई खेल | प्रतिभागिता |
| | | एशिया कप | स्वर्ण |
| | | जूनियर विश्व कप | प्रतिभागिता |
| सुश्री ब्यूटी डुंगडुंग | एनसीओई बेंगलुरु | जूनियर एशिया कप | स्वर्ण |
| | | जूनियर विश्व कप | प्रतिभागिता |
| सुश्री बिनिमा धान | एनसीओई बेंगलुरु | जूनियर एशिया कप | स्वर्ण |
| सुश्री रजनी करकेटा | एनसीओई बेंगलुरु | जूनियर एशिया कप | स्वर्ण |
| सुश्री रोपनी कुमारी | एनसीओई भोपाल | जूनियर विश्व कप | प्रतिभागिता |
| सुश्री महिमा टेटे | एनसीओई बेंगलुरु | जूनियर विश्व कप | प्रतिभागिता |

*****